AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट में शुरू होगी पीएचडी

लविवि में पहला स्ववित्तपोषित कोर्स जिसमें शुरू होगा शोध कार्य

आयुष तिवारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (आईटीएम) के विद्यार्थियों को जल्द ही पीएचडी करने मौका मिलेगा। विश्वविद्यालय का यह पहला स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम होगा, जिसमें विद्यार्थी शोध कर सकेंगे। अभी तक सिर्फ नियमित पाठ्यक्रमों में पीएचडी की पढ़ाई होती है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में बीते बुधवार को हुई एकेडमिक काउंसिल (विद्या परिषद) की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। पहली बार स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में पीएचडी शुरू किए जाने का प्रस्ताव बैठक के मूल एजेंडे में नहीं था। इसे कुलपति की सहमति से बैठक में प्रस्तुत किया गया और अनुमति प्रदान की गई। हालांकि, इस प्रस्ताव को अनुमति मिलने के बाद बैठक में मौजूद सदस्यों ने अन्य स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में भी पीएचडी शुरू करने की अनुमति देने के लिए कहा। इस पर उनके प्रस्ताव पर विचार किए जाने की बात कही गई।

■ नियमित शिक्षक न होने से नहीं हो पाती है पीएचडी : स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में नियमित शिक्षक न होने के चलते उन्हें पीएचडी कराने की सुविधा नहीं दी जाती है। इसके लिए जो कारण बताया जाता है वह यह है कि शिक्षक के बीच में नौकरी छोड़ जाने पर छात्र का क्या होगा। इसके साथ ही शिक्षक की क्या जिम्मेदारी होगी।

ऐसे ही अन्य पाठ्यक्रमों में भी पीएचडी की खुलेगी राह

■ आईटीएम में पीएचडी की पढ़ाई बिना किसी अवरोध के शुरू हो जाती है तो अन्य स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में भी पीएचडी की राह खुल जाएगी। लविवि में इंजीनियरिंग, फार्मेसी, भूगोल, ग्रह विज्ञान सहित कई अन्य स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम हैं। इनमें भी छात्रों के पीएचडी करने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। लविवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभी एकेडमिक काउंसिल से प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। कार्यपरिषद से मंजूरी मिलने के बाद इस संबंध में औपचारिक घोषणा की जाएगी। (संवाद)

विधि विवि में पीएचडी की प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

लखनऊ। डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने पीएचडी की प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। विवि की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, पीएचडी में दाखिले के लिए चयनित अभ्यर्थियों का नौ अगस्त को साक्षात्कार होगा। वहीं, 13 अगस्त को अंतिम मेरिट सूची जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय के विधि विभाग, इतिहास, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, सामाजिक, मनोविज्ञान व राजनीति विज्ञान विभाग में पीएचडी में प्रवेश के लिए 156 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। पहली चयन सूची में 35 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। विधि विभाग में सबसे ज्यादा 22 सीटों पर प्रवेश के लिए 28 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। अंग्रेजी विभाग के लिए दो व अन्य विभागों में एक-एक अभ्यर्थियों की सूची निकाली गई है। मीडिया प्रभारी शशांक शेखर ने बताया कि साक्षात्कार और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दिन अभ्यर्थियों को सभी दस्तावेज लाने होंगे। मूल दस्तावेज न होने पर अभ्यर्थियों की उपस्थिति नहीं दर्ज की जाएगी। (संवाद)

चयनित अभ्यर्थियों का नौ अगस्त को होगा साक्षात्कार

लविवि : चक्रवर्ती, चांसलर व वीसी मेडल के लिए मांगे नाम

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले प्रतिष्ठित पदकों के दावेदारों को 16 अगस्त तक आवेदन करना होगा। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय ने सभी विभागाध्यक्षों, डीन व चीफ प्रोक्टोर व अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर पदक के दावेदारों के संबंध में सूचना देने को कहा है, ताकि इसकी सूची तैयार कराई जा सके।

लविवि के दीक्षांत समारोह में तीन प्रतिष्ठित पदक दिए जाते हैं। इसमें चांसलर, चक्रवर्ती और वाइस चांसलर मेडल शामिल हैं। चांसलर मेडल परास्नातक की परीक्षा पास कर चुके सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को दिया जाता है। चक्रवर्ती मेडल सामाजिक कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को विवि के पहले कुलपति प्रो. ज्ञानेंद्र नाथ चक्रवर्ती की स्मृति में दिया जाता है। तीसरा सर्वश्रेष्ठ मेडल कुलपति पदक है। यह सभी एनसीसी यूनिटों के सबसे बेस्ट कैडेट को दिया जाता है। इनके साथ ही रुचिराम साहनी रिसर्च प्राइज, बनर्जी रेग्युलेशन अवॉर्ड तथा राजाराम शंकर ऑफ मीरावां गोल्ड मेडल भी विद्यार्थियों को दिए जाते हैं।

ज्यादातर पदक विभिन्न पाठ्यक्रम या फिर पेपर में सबसे ज्यादा नंबर लाने वाले विद्यार्थियों को दिए जाते हैं। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षांत समारोह के लिए अभी निश्चित तिथि जारी नहीं हुई है, लेकिन हमारी तैयारियां जारी हैं। तिथि जारी होते ही पदक सूची को अंतिम रूप दे देंगे।

परीक्षा नियंत्रक ने विभागों को भेजा पत्र, 16 तक देना होगा नाम

नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

लखनऊ। लविवि में विधि संकाय के एलएलबी इंटीग्रेटेड कोर्स में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम विभाग में हुआ। नवीन परिसर स्थित विधि संकाय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें विवि के इतिहास और यहां के अनुशासन से परिचित करवाया गया। साथ ही बताया गया कि एलएलबी इंटीग्रेटेड एक बेहद प्रोफेशनल पाठ्यक्रम है। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह, प्रो. आरके सिंह, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव व प्रो. अहमद समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे। (संवाद)

एमबीए, एमटीटीएम कोर्स में दाखिले के लिए साक्षात्कार पांच से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमबीए और एमटीटीएम कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के इंटरव्यू की तिथि जारी कर दी है। साक्षात्कार पांच से नौ अगस्त के बीच विभाग में होगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने शुक्रवार को पत्र जारी कर बताया कि साक्षात्कार का पाठ्यक्रम वार विस्तृत ब्यौरा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी लॉगइन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से इंटरव्यू का एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। (संवाद)

THE PIONEER PAGE 3

Taking back kebabs for my wife: Rajkumar Rao

PNS ■ LUCKNOW

Actor Rajkumar Rao said on Friday that he would be taking Tunday kebabs back to his wife Patralekha from Lucknow, despite being a vegetarian himself. Rao was in the city with actress Shraddha Kapoor to promote their film 'Stree 2'.

Addressing mediapersons at a city hotel, Rajkumar expressed his excitement for the film's release. "There are several fans of the film, and everyone is excited. I am eagerly waiting to see the film and feeling a bit jittery too," he said.

Shraddha added that she was keen on seeing the audience's reaction, especially given the success of the first film.

"There is a lot of nervousness and excitement. It's a nice feeling when kids come up to me and say whether they have to fear me or be scared of me, and I am keeping my fingers crossed about the film's fate," she said.

Reflecting on their visit to Lucknow and the Lucknow University for a song launch, Shraddha, who was wearing a chikankari suit, shared her love for handicrafts. "There is so much art in each of the handicrafts of our state, and I love wearing these creations," she said.

Rajkumar mentioned that his friends often suggest he should have a second home in Lucknow. "I have shot extensively in the city and visited several times, staying here. I feel like it's my own home. Today at Lucknow University, we enjoyed the song launch with the incredible energy present at the event," he added.

CPC Board meeting focuses on enhancing employment avenues

Lucknow (PNS): The Central Placement Cell (CPC) Board meeting, held at the department of social work, Lucknow University, on Friday focused on enhancing placement opportunities through short-term courses, improved internship initiatives, and departmental training. Pro Vice-Chancellor Prof Manuka Khanna and director of the CPC Board, Prof Anoop K Bhartiya led the discussions, with additional insights provided by a representative from the District Employment Bureau. The meeting, also attended by the university deans, and department heads, was led by Prof Bhartiya. Prof Khanna emphasised the introduction of short-term certification courses to provide students with a competitive edge in placement interviews. Prof Bhartiya addressed the meeting's purpose of improving the CPC Board's effectiveness. He announced that internships would become a key part of CPC initiatives, while also highlighting the need for improvements in departmental training and placement cells. He stressed the importance of creating opportunities for students in traditional courses, in addition to the existing opportunities for professional course students. Heads of departments were requested to provide data on alumni, placement records, and lists of achievers. Prof Bhartiya also underscored the necessity for orientation programs with the CPC for new students to better understand their career prospects.

A representative from the District Employment Bureau of Department of Training and Placement shared practical insights, noting that today's job market values skills more than degrees. Department heads contributed their views on current placement needs.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लखनऊ विश्वविद्यालय कैम्पस में आयोजित एक कार्यक्रम में नृत्य करतीं श्रद्धा कपूर व राजकुमार राव। (खबर पेज 10 पर) (फोटो : शुभंकर)

AMRIT VICHAR PAGE 3

लविवि : दीक्षांत समारोह के लिए मांगे मेधावियों के नाम

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय का 67 वां दीक्षांत 16 सितंबर को प्रस्तावित है। इसके लिए विवि प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत में मेधावियों को दिए जाने वाले तीन प्रमुख मेडल के लिए विभागों से छात्रों के नाम मांगे हैं। दीक्षांत में तीन प्रमुख मेडल चक्रवर्ती, चांसलर और वाइस चांसलर मेडल दिए जाते हैं। इन मेडलों के लिए विभागों छात्रों के नाम की सूची मिलने के बाद स्क्रीनिंग क्रमेटी दावेदारों की जांच करेगी। फिर इंटरव्यू किए जाएंगे। विवि प्रशासन के अनुसार इस बार दीक्षांत समारोह में कुछ नए मेडल की भी शुरूआत हो सकती है।

छात्रों को इंटर्नशिप दिलाने में सहयोग करेगा सीपीसी

अमृत विचार, लखनऊ :लखनऊ विश्वविद्यालय में अब छात्रों को इंटर्नशिप दिलाने का बीडा केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) ने उठाया है। यह घोषणा शुक्रवार को सीपीसी बोर्ड बैठक में निदेशक प्रो . अनूप कुमार भारतीय ने की। निदेशक ने सभी विभागाध्यक्षों से पूर्व छात्रों, प्लेसमेंट डेटा और उपलब्धियों की सूचियां भी मांगी। समाज कार्य विभाग के राधा कमल सभागार में आयोजित बैठक में निदेशक प्रो . अनूप कुमार भारतीय ने कहा कि नए छात्रों के लिए सीपीसी के साथ ओरिएंटेशन प्रोग्राम कराए जाएंगे। जिससे कि उन्हें भविष्य की करियर संभावनाओं को समझने में मदद मिल सके। इस दौरान प्रो- वाइस चांसलर प्रोफेसर मनुका खन्ना ने शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने पर जोर दिया। इस मौके पर डॉ . अनुपमा मौजूद रहीं।

भारतीय रसायन शास्त्र के जनक को किया याद

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। रसायन विज्ञान विभाग ने विज्ञान भारती अवध प्रांत के सहयोग से द्वितीय चैतन्य व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे के जन्मदिन

दूरदर्शी और एक महान रसायन उद्योगपति थे आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे

समारोह का हिस्सा था। इस अवसर पर वक्ता सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान के औषधीय और प्रक्रिया रसायन प्रभाग में पूर्व उपनिदेशक (वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक) डॉ.प्रदीप कुमार श्रीवास्तव थे। यह दुनिया के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने साइट्स्स नामक एक नई अवधारणा शुरू की, जो कार्ट्नों की एक नई श्रेणी है, जो विज्ञान पर आधारित है। प्रारंभ में लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो.अनिल मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया और चैतन्य व्याख्यान श्रृंखला के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। यह एक व्याख्यान श्रृंखला है जो विज्ञान के लोकप्रियकरण के लिए विभाग द्वारा शुरू की गई है। उन्होंने 'भारतीय रसायन शास्त्र के जनक' को याद किया। आचार्य पीसी रे, जिन्हें हिंदू रसायन शास्त्र से आधुनिक भारतीय रसायनशास्त्र तक का सेतु माना जाता है, एक महान दूरदर्शी, एक महान रसायन उद्योगपति और सबसे बढ़कर एक कट्टर राष्ट्रवादी थे। प्रो.मिश्रा डॉ.श्रीवास्तव का परिचय डॉ.विनय कुमार सिंह ने कराया, जो कार्यक्रम के समन्वयक भी हैं। डॉ.प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने अपनी विशिष्ट शैली में बायोइंस्पायर्ड इंजीनियरिंगः लर्निंग साइंस फ्रॉम नेचर विषय पर अपने विनोदी व्याख्यान से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जैव-प्रेरित इंजीनियरिंग को कभी-कभी बायोनिक्स, बायोमिमेटिक्स या बायोमिमिक्री के रूप में भी जाना जाता है, जिसे मूल रूप से एक नया विज्ञान जो प्रकृति के मॉडलों का अध्ययन करता है और फिर मानव समस्याओं को हल करने के लिए इन डिज़ाइनों और प्रक्रियाओं से प्रेरणा लेता है या उनका अनुकरण करता है के रूप में परिभाषित किया जाता है। प्रो.जेनीन बेनियस ने प्रकृति को मॉडल, उपाय और मार्गदर्शक के रूप में देखने और जैव-प्रेरित के उद्देश्य के रूप में स्थिरता का सुझाव दिया है। यह प्रेरणा के लिए प्रकृति और प्राकृतिक प्रणालियों की ओर देखता है।

लघु अवधि के पाठ्यक्रमों को शुरू करने की आवश्यकता : प्रो. मनुका

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के राधाकमल सभागार में केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में की गई इस बैठक में प्रो- वाइस चांसलर प्रो.मनुका खन्ना, विश्वविद्यालय के डीन और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सत्र को प्रो- वाइस चांसलर मनुका खन्ना ने संबोधित किया और सीपीसी बोर्ड के निदेशक प्रो.अनूप के.भारतीय ने नेतृत्व किया। प्रो.मनुका खन्ना ने प्रमाणन के साथ लघु अवधि के पाठ्यक्रमों को शुरू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। प्रो.भारतीय ने पारंपरिक पाठ्यक्रमों के लिए अवसरों को आमंत्रित करने के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि पेशेवर पाठ्यक्रमों के लिए पहले से ही कई नियोक्ता हैं। विभागाध्यक्षों से पूर्व छात्रों, प्लेसमेंट डेटा और उपलब्धियों की सूचियां प्रदान करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने नए छात्रों के लिए सीपीसी के साथ ओरिएंटेशन प्रोग्राम की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि उन्हें भविष्य के करियर संभावनाओं को समझने में मदद मिल सके। जिला रोजगार ब्यूरो के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट विभाग से एक सरकारी अधिकारी ने बैठक में भाग लिया और प्लेसमेंट पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। यह बताया गया कि आज के नौकरी बाजार में डिग्री से अधिक कौशल को महत्व दिया जाता है। विभागाध्यक्षों ने वर्तमान प्लेसमेंट आवश्यकताओं पर अपने विचार साझा किए। बैठक का समापन डॉ. अनुपमा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

TOI PAGE 2

LU to introduce lateral entry of experts as 'prof of practice'

Step In Line With New Edu Policy

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The Lucknow University has created a post of 'professor of practice' on the recommendation of the University Grants Commission (UGC) under the National Education Policy-2020 (NEP-2020) framework.

The professors of practice will be professionals, mainly experts in their respective fields, who will teach like LU's regular faculty members and contribute to overall academic activities like curriculum development. They will be appointed for a fixed period to take regular classes. This post will be supernumerary, in addition to regular posts, but not more than 10% of the total teaching posts.

The professor of practice has been recently approved by the academic council and shortly it will be tabled in the executive council meeting for final assent.

"UGC has introduced this new teaching position in line with NEP-2020 which aims to revolutionize higher education by emphasizing skill-based education to align with industry needs. It advocates integrating vocational education with general education and enhancing industry-academia collaboration within Higher Education Institutions (HEIs). To achieve optimal youth skilling, learners must think like employers, and employers must think like learners. Hence, we are appointing professor of practice on UGC's recommendation," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

He said the idea behind the move was to bring industry and professional expertise into academia, integrate real-world practices into classrooms, and enhance faculty resources.

"Eligibility for this post of professional excellence is a must. Only distinguished experts with remarkable contributions in their respective fields, including but not limited to engineering, science, technology, entrepreneurship, commerce, social sciences, media, literature, fine arts, civil services, armed forces, legal profession, community development, rural development, and public administration, will be considered," Prof Rai said.

"There is no academic qualification bar for professionals worth contributing as deemed fit by the competent authority. They will be exempted from publication and other eligibility criteria required for regular faculty recruitment at the professor level. However, candidates should possess skills to fulfil specified duties and responsibilities," said dean (academics) Prof Geetanjali Mishra.

"The engagement will be for a fixed term. This role is exclusive of sanctioned posts of the university and will not affect regular faculty recruitment. This position is not open to those currently in teaching professions, whether serving or retired," she said.

Former dean (academic) Rakesh Chandra said, "Earlier there was a clause under which experienced work professionals taught at several universities, but a professor of practice is like a regular professor position. In the past, there were mostly people from arts or fine arts, but this will get us teachers straight from the industry."

FOCUS ON SKILL-BASED EDUCATION

Duties & Responsibilities of Prof of Practice

- Develop, design courses and curricula
- Introduce new courses and deliver lectures as per the university's policy
- Encourage student innovation and entrepreneurship projects, provide mentorship
- Enhance industry-academia collaborations
- Hold workshops, seminars, special lectures, and training programmes jointly with regular faculty members
- Engage in joint research projects or consultancy services in collaboration with regular faculty members
- Any other duty as assigned by competent authority

Selection Procedure

- University may invite nominations for Professor of Practice positions based on the requirements of departments. Experts may self-nominate or be nominated, submitting a detailed biodata
- Initial engagement may be for up to one year. Extensions will be based on assessment by university. Max duration of service in the university is three years, extendable by one year in exceptional cases, with total service limit of four years

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू में 16 सितंबर को दीक्षांत, मांगे गए आवेदन

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में 67वें दीक्षांत समारोह के लिए प्रस्तावित तिथि फिलहाल तय हो गई है। दीक्षांत को लेकर विश्वविद्यालय ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रमुख मेडल के लिए संभावितों की लिस्ट भी मांग ली गई है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 16 सितम्बर को प्रस्तावित है। दीक्षांत में दिए जाने वाले तीन प्रमुख पदकों के नाम चक्रवर्ती, चांसलर और वाइस चांसलर हैं। इन पदकों के लिए सभी विभागों से सूची मांगी गई है। सूची मिलने के बाद स्क्रीनिंग कमेटी दावेदारों की जांच करेगी। इंटरव्यू किए जाएंगे।

इस मामले में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय का कहना है कि दीक्षांत समारोह में कई पाठ्यक्रमों की पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। उम्मीद है कि कुछ नए पदकों की भी इस बार से शुरूआत हो सके।

एमबीए और एमटीटीएम के साक्षात्कार पांच से नौ तक

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया के तहत एमबीए और एमटीटीएम की प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की तिथि तय कर दी गई है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर इंटरव्यू की तारीख देख सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एमबीए और एमटीटीएम की प्रवेश परीक्षा हो चुकी हैं। क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों की सूची भी जारी कर दी गई है। अब इन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होना है। इस के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी लॉगिन आईडी और पासवर्ड की मदद से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पांच से नौ अगस्त के बीच साक्षात्कार लिए जाएंगे। इंटरव्यू में अभ्यर्थियों को मूल अभिलेख, प्रमाण पत्र और अंकपत्र साथ में लेकर पहुंचना होगा। फोटो कॉपी भी ले जानी है।

वहीं एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षा-2023 के तहत 10 पाठ्यक्रमों के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं।

एलएलबी के छात्रों को बताईं बारीकियां

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्रों के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पहले दिन छात्रों को संकायाध्यक्ष प्रोफेसर बीडी सिंह, प्रो. विनीता कोचर और अतिरिक्त डीएसडब्ल्यू डॉ. अभिषेक तिवारी ने छात्रों को कानूनी पेशे, पाठ्यचर्या, आधुनिक शिक्षण व्यवस्था समेत कई अन्य बातों की जानकारी दी।

प्रो. विनीता काचर ने विधि अध्ययन के महत्व और डॉ. अभिषेक तिवारी ने छात्र कल्याण पहलुओं और समग्र विकास के महत्व पर बात रखी।

प्लेसमेंट सेल छात्रों को देगी इंटर्नशिप

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अब छात्रों को इंटर्नशिप दिलाने का बीडा केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) ने उठाया है। यह घोषणा शुक्रवार को सीपीसी बोर्ड बैठक में निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने की। निदेशक ने विभागाध्यक्षों से पूर्व छात्रों, प्लेसमेंट डेटा और उपलब्धियों की सूचियां भी मांगीं। समाज कार्य विभाग के राधाकमल सभागार में आयोजित बैठक में निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने कहा कि नए छात्रों के लिए सीपीसी और ओरिएंटेशन प्रोग्राम होंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचीं अभिनेत्री श्रद्धा कपूर, अभिनेता राजकुमार राव और कलाकार पवन सिंह

एलयू पहुंचीं 'स्त्री', कहा लखनऊ से है प्यार

लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को अभिनेत्री श्रद्धा कपूर, अभिनेता राजकुमार राव और भोजपुरी स्टार पवन सिंह फिल्म स्त्री 2 का प्रमोशन करने और फन अभिनय करते हुए कलाकारों ने मंच पर साधा भोजपुरी।

शहर में सितारे

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को अभिनेत्री श्रद्धा कपूर, अभिनेता राजकुमार राव और भोजपुरी स्टार पवन सिंह भोजपुरी फिल्म स्त्री 2 के आगामी 15 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज होने को लेकर शुक्रवार को प्रमोशन के लिए अभिनेता राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पवन सिंह लखनऊ पहुंचे। दिन में लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच पहुंचे सितारों ने दुमके भी लगाये। इस दौरान पॉवर स्टार के नाम से मशहूर भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने छात्रों से भोजपुरी में बात करते हुए फिल्म देखने की अपील की। प्रमोशन के बाद एक निजी होटल में मीडिया से मुखातिब हुए। फिल्म में विक्की का किरदार निभा रहे राजकुमार राव कहते हैं, स्त्री के पहले पार्ट में दीवारों पर ओ स्त्री कल आना लिखा जाता था, सिर्फ इसलिए ताकि स्त्री उसे पढ़कर फिलहाल चली जाए। लेकिन, नए पार्ट में इन दीवारों पर लिखा मिलेगा ओ स्त्री रक्षा करना। यह देखना वाकई मनदेश होगा कि आखिर क्यों नए पार्ट में लोग चाहते हैं कि स्त्री है दिन उनके शहर चंदेरी में आए। विक्की की चोटी वाली गर्लफ्रेंड का किरदार निभा रहीं श्रद्धा कपूर कहती हैं कि इस बार फिल्म में फैंस और दर्शकों को सरकटे का दमदार आतंक देखने को मिलेगा। सरकटे का आतंक कहानी में नया आकर्षण जोड़ने का काम करेगा। फिल्म स्त्री 2 का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। वहीं दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने इसे निर्मित किया है।

श्रद्धा, पवन और राजकुमार संग जमकर झूमे फैंस.

'पहले फिल्मों में भूत देखकर डर लगता था'

फिल्म प्रमोशन के लिए राजधानी पहुंचे एक्टर राजकुमार राव, एक्टरेस श्रद्धा कपूर और सिंगर पवन सिंह

लखनऊ बहुत पसंद है

एक्टर राजकुमार राव ने बताया कि मुझे पुरानीदुनिया किरदार निभाना पसंद है. बायोपिक में काम करना खतरनाक पर अच्छा लगता है. मेरे चेहरा में बहुत किरदार हैं, जिन्हें मैं निभाना चाहता हूं, उन्होंने आगे बताया कि वे कई बार लखनऊ आ चुके हैं. यहां की तहजीब और खाना बहुत पसंद है. यहां खूबसूरत बहुत है. लोगों में अपनापनी नहीं है. यहां आकर काफी सुकून मिलता है.

एक्टर राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर और पवन सिंह सी.एम. हाउस का दौरा किया

एलयू में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर और पवन सिंह सी.एम. हाउस के लिए रवाना हुए

मुलाकात के बाद राव ने कहा कि मैं सी.एम. योगी आदित्यनाथ से मिलकर बहुत खुश हूं. मेरे लिए यह एक अच्छा अनुभव था. मैं उनसे मिलकर बहुत खुश हूं. मैंने उन्हें बताया कि मेरी फिल्म देखकर उन्हें मजा आया. मैंने उन्हें बताया कि मेरी फिल्म में उन्होंने जो काम किया है उसे देखकर मैं बहुत खुश हूं. उन्होंने बताया कि वे फिल्म देखेंगे. उन्हें मेरी फिल्म देखकर उन्हें मजा आया. उन्होंने कहा कि मुझे भी फिल्म देखकर उन्हें मजा आया. मैंने उन्हें बताया कि मेरी फिल्म में मुझे भी